# UP PGT

## Previous Year Paper
## (Civics) 2021

# नागरिक शास्त्र
# CIVICS

1. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना एक संविदावादी विचारक की नहीं है ?
   (A) सोशल कान्ट्रैक्ट
   (B) लेवायथन
   (C) ऑन लिबर्टी
   (D) टू ट्रीटीज ऑन गवर्नमेण्ट

2. किसका कथन है कि, ''निर्णयन विभिन्न विकल्पों के चुनाव की एक सरलतम विधि है'' ?
   (A) टैरी
   (B) मैक्फारलैण्ड
   (C) हरबर्ट साइमन
   (D) रे. ए. किलियन्स

3. कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में अधिकरण हैं
   (A) बारह (B) पन्द्रह
   (C) दस (D) सोलह

4. निम्नांकित में से कौन-सा उद्देश्य भारत के संविधान की प्रस्तावना में सम्मिलित नहीं हैं ?
   (A) विचार की स्वतन्त्रता
   (B) आर्थिक स्वतन्त्रता
   (C) अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता
   (D) विश्वास की स्वतन्त्रता

5. मार्क्सवादियों के अनुसार
   (A) राज्य एक वर्गीय संरचना है
   (B) राज्य केवल श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करता है
   (C) राज्य में सम्पूर्ण समुदाय का प्रतिनिधित्व होता है
   (D) इनमें से कोई नहीं

1. Which one of the following is not written by a contractualist thinker ?
   (A) Social contract
   (B) Leviathan
   (C) On liberty
   (D) Two treaties on Government

2. Who gave the statement "A decision in its simplest form is a selection of alternatives" ?
   (A) Terry
   (B) McForland
   (C) Herbert Simon
   (D) Ray A. Killians

3. Adhikarans in Kautilya's 'Arthashāstra' are
   (A) Twelve (B) Fifteen
   (C) Ten (D) Sixteen

4. Which one of the following objectives is not embodied in the Preamble to the Constitution of India ?
   (A) Liberty of thought
   (B) Economic liberty
   (C) Liberty of expression
   (D) Liberty of belief

5. The Marxists hold that
   (A) The State is a class-structure
   (B) State represents only the workers
   (C) State represents the entire community
   (D) None of these

6. निम्नलिखित में से कौन अतिवादी नहीं था ?

(A) लाला लाजपत राय

(B) बिपिन चन्द्र पाल

(C) बाल गंगाधर तिलक

(D) गोपाल कृष्ण गोखले

7. निम्नलिखित में से किसने उदारवादी प्रजातंत्र की विश्वव्यापी विजय को 'इतिहास के अंत' के रूप में व्याख्यायित किया ?

(A) समीर अमीन

(B) डेविड हेल्ड

(C) फ्रांसिस फुकोयामा

(D) सैमुएल पी. हण्टिंग्टन

8. निम्नलिखित में से कौन ऑस्टिन के सम्प्रभुता-सिद्धान्त का कटुतम आलोचक है ?

(A) सर हेनरी मेन (B) हॉब्स

(C) बोदां (D) लास्की

9. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. मॉरगेन्थाऊ | i. व्यवस्था सिद्धान्त |
| b. बर्नार्ड कोहेन | ii. खेल सिद्धान्त |
| c. मार्टन काप्लान | iii. निर्णय-निर्माण उपागम |
| d. इमाइल बर्ड | iv. यथार्थवादी सम्प्रदाय |

कूट :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | i | ii |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | iv | i | iii | ii |
| (D) | ii | iii | i | iv |

6. Who of the following was not an extremist ?

(A) Lala Lajpat Rai

(B) Bipin Chandra Pal

(C) Bal Gangadhar Tilak

(D) Gopal Krishna Gokhale

7. Who among the following has described the world wide triumph of liberal democracy as the 'end of history' ?

(A) Samir Amin

(B) David Held

(C) Francis Fukuyama

(D) Samuel P. Huntington

8. Who of the following was the bitterest critic of Austin's theory of sovereignty ?

(A) Sir Henry Maine (B) Hobbes

(C) Bodin (D) Laski

9. Match List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Morgenthau | i. Systems theory |
| b. Bernard Cohen | ii. Game theory |
| c. Merton Kaplan | iii. Decision making approach |
| d. Emile Berd | iv. Realist school |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | i | ii |
| (B) | ii | i | iii | iv |
| (C) | iv | i | iii | ii |
| (D) | ii | iii | i | iv |

10. संसद में पहला लोकपाल विधेयक प्रस्तुत हुआ
(A) 1968 में (B) 1967 में
(C) 1971 में (D) 1972 में

11. निम्न में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है ?

| राज्य की उत्पत्ति का सिद्धान्त | समर्थक |
|---|---|
| (A) दैवीय उत्पत्ति का सिद्धान्त | - जेम्स I |
| (B) शक्ति सिद्धान्त | - ओपनहाइमर |
| (C) पितृसत्तात्मक | - मैकलेनान |
| (D) मातृसत्तात्मक | - जेन्क्स |

12. संयुक्त राष्ट्र ने किस दशक को 'महिलाओं के दशक' के रूप में घोषित किया ?
(A) 1976 -1985
(B) 1986 -1995
(C) 1966 -1975
(D) 1971 -1980

13. "शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित बनो" यह किसका दिया हुआ नारा है ?
(A) राजा राम मोहन राय
(B) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर
(C) एम. एन. रॉय
(D) बी. आर. अम्बेडकर

14. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही नहीं है ?

| लेखक | पुस्तक |
|---|---|
| (A) मोस्का | - द रूलिंग क्लास |
| (B) पेरेटो | - माइन्ड एण्ड सोसाइटी |
| (C) राबर्ट मिशेल्स | - पॉलिटिकल पार्टीज़ |
| (D) लिपसेट | - वेल्थ ऑफ नेशन्स |

10. The first Lokpal bill was introduced in the parliament in
(A) 1968 (B) 1967
(C) 1971 (D) 1972

11. Which of the following pair is not correctly matched ?

| Theory of origin of State | Supporter |
|---|---|
| (A) Divine origin | – James I |
| (B) Force theory | – Oppenheimer |
| (C) Patriarchal | – McLennan |
| (D) Matriarchal | – Jenks |

12. Which decade was declared by UN as 'decade for women' ?
(A) 1976 -1985
(B) 1986 -1995
(C) 1966 -1975
(D) 1971 -1980

13. "Be educated, be agitated, be organised." This slogan is given by
(A) Raja Ram Mohan Roy
(B) Ishwar Chandra Vidya Sagar
(C) M. N. Roy
(D) B. R. Ambedkar

14. Which of the following pair is incorrect ?

| Author | Book |
|---|---|
| (A) Mosca | – The Ruling Class |
| (B) Pareto | – Mind and Society |
| (C) Robert Michels | – Political Parties |
| (D) Lipset | – Wealth of Nations |

15. लोक निगम का उत्तरदायित्व होता है
(A) नौकरशाही के प्रति
(B) प्रधानमंत्री के प्रति
(C) राष्ट्रपति के प्रति
(D) संसद के प्रति

16. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. महात्मा गाँधी | 1. बंच ऑफ थॉट्स |
| b. बी. आर. अम्बेडकर | 2. हिन्द स्वराज |
| c. एम. एस. गोलवलकर | 3. एनीहिलेशन ऑफ कास्ट |
| d. वी. डी. सावरकर | 4. हिन्दुत्व |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

17. संयुक्त राष्ट्र के निम्नांकित महासचिवों को उनकी नियुक्ति के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
i. यू थांट
ii. कुर्त वालधाईम
iii. ट्रिग्वे ली
iv. डैग हैमरशोल्ड

**कूट :**
(A) ii, i, iii, iv (B) i, iii, iv, ii
(C) iii, iv, i, ii (D) iv, iii, i, ii

15. The public corporation is accountable to the
(A) Bureaucracy
(B) Prime Minister
(C) President
(D) Parliament

16. Match List-I with List-II and select the correct answer from the options given below :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Mahatma Gandhi | 1. Bunch of Thoughts |
| b. B. R. Ambedkar | 2. Hind Swaraj |
| c. M. S. Golwalkar | 3. Annihilation of caste |
| d. V. D. Savarkar | 4. Hindutva |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

17. Arrange the following Secretary Generals of the United Nations in order in which they were appointed :
i. U Thant
ii. Kurt Waldheim
iii. Trygve Lie
iv. Dag Hammarskjold

**Codes :**
(A) ii, i, iii, iv (B) i, iii, iv, ii
(C) iii, iv, i, ii (D) iv, iii, i, ii

18. सत्ता के 'सहमति मॉडल' की रचना की

(A) मेयो

(B) विलियम जी. स्कॉट

(C) हरबर्ट साइमन

(D) बर्नार्ड

19. किसने कहा कि "युद्ध पुरुष के लिए वही है जो स्त्री के लिए मातृत्व" ?

(A) मुसोलिनी

(B) मार्क्स

(C) हेगेल

(D) माओ

20. किस प्रधानमंत्री के कार्यकाल में 73वाँ संविधान संशोधन विधेयक पारित हुआ था ?

(A) इन्दिरा गाँधी

(B) राजीव गाँधी

(C) पी. वी. नरसिम्हा राव

(D) वी. पी. सिंह

21. "राज्य एक नैतिक संस्था है जो मनुष्य के पूर्ण नैतिक विकास के लिए अपरिहार्य है" । इस वक्तव्य का सम्बन्ध है

(A) व्यक्तिवादियों से

(B) आदर्शवादियों से

(C) अराजकतावादियों से

(D) मार्क्सवादियों से

22. निम्न में से कौन-सा शक्ति संतुलन स्थापित करने का साधन नहीं है ?

(A) मैत्री संधियाँ एवं प्रतिमैत्री संधियाँ

(B) शस्त्रीकरण एवं निशस्त्रीकरण

(C) क्षतिपूर्ति

(D) अहस्तक्षेप

18. The 'Consent Model' of authority was conceived by

(A) Mayo

(B) William G. Scott

(C) Herbert Simon

(D) Bernard

19. Who said, "War is to man what maternity is to woman" ?

(A) Mussolini

(B) Marx

(C) Hegel

(D) Mao

20. The $73^{rd}$ constitutional amendment was passed during the Primeministership of

(A) Indira Gandhi

(B) Rajiv Gandhi

(C) P. V. Narasimha Rao

(D) V. P. Singh

21. The statement, "The State is an ethical institution which is indispensable for the full moral development of man" is attributed to

(A) Individualists

(B) Idealists

(C) Anarchists

(D) Marxists

22. Which of the following is not a device for maintaining balance of power ?

(A) Alliances and counter alliances

(B) Armament and disarmament

(C) Compensation

(D) Non-intervention

23. "अपने ऊपर, अपने शरीर और मन पर व्यक्ति संप्रभु है"। मिल ने अपने यह विचार किस रचना में प्रकट किये हैं ?
(A) ऑन लिबर्टी
(B) यूटिलिटारियनिस्म
(C) प्रिंसिपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी
(D) कन्सिडरेशंस ऑन रिप्रसेन्टेटिव गवर्नमेन्ट

24. 'पालिटिक्स एमोंग नेशन्स' पुस्तक लिखी गई
(A) एच. जे. मॉरगेन्थाऊ द्वारा
(B) पामर एण्ड परकिन्स द्वारा
(C) इ. एच. कार द्वारा
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

25. निम्नलिखित में से कौन-सी विद्या कौटिल्य द्वारा सुनिश्चित मूल विद्याओं में सम्मिलित नहीं है ?
(A) वार्ता (B) आन्वीक्षिकी
(C) निरुक्त (D) त्रयी

26. अनुपातिक समानता का सिद्धान्त सर्वप्रथम किसने प्रतिपादित किया था ?
(A) अरस्तू (B) लॉक
(C) ग्रीन (D) लास्की

27. यदि भारतीय संघ में एक नये राज्य का सृजन करना हो, तो निम्नलिखित अनुसूचियों में से किसे संशोधित किया जाना चाहिए ?
(A) पहली अनुसूची
(B) दूसरी अनुसूची
(C) तीसरी अनुसूची
(D) पाँचवी अनुसूची

23. "Over himself, over his mind and body, the individual is supreme". Mill expressed these views in which of his works ?
(A) On Liberty
(B) Utilitarianism
(C) Principles of Political Economy
(D) Considerations on Representative Government

24. 'Politics Among Nations' was written by
(A) H. J. Morgenthau
(B) Palmer and Perkins
(C) E. H. Carr
(D) None of the above

25. Which one of the following is not included in the fundamental vidyās as determined by Kautilya ?
(A) Vārtā (B) Ānvikshiki
(C) Nirukta (D) Trayi

26. The principle of proportionate equality was first enunciated by
(A) Aristotle (B) Locke
(C) Green (D) Laski

27. If a new State is to be created in the Indian Union, which of the following schedules should be amended ?
(A) First schedule
(B) Second schedule
(C) Third schedule
(D) Fifth schedule

28. जिले में कानून व्यवस्था कायम करने के लिये, जिला पुलिस पर सामान्य नियन्त्रण किसका होता है ?
(A) डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर/जिलाधिकारी
(B) पुलिस अधीक्षक
(C) जिले के संसद का सदस्य
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

29. अध्यक्षात्मक शासन प्रणाली आधारित है
(A) एक व्यक्ति में सत्ता केन्द्रित करने में
(B) अनेक व्यक्तियों को सत्ता प्रदान करने में
(C) सरकार के तीन अंगों के मध्य सत्ता पृथक्करण में
(D) केन्द्र और राज्यों के बीच सत्ता विभाजित करने में

30. भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में लिखा है कि, "इस संविधान का संक्षिप्त नाम भारत का संविधान है।"
(A) अनुच्छेद - 01
(B) अनुच्छेद - 03
(C) अनुच्छेद - 393
(D) अनुच्छेद - 395

31. निम्न में से कौन यह मानता है कि स्वतन्त्रता और समानता एक दूसरे के पूरक हैं ?
(A) डी. टॉकयूविल
(B) एफ. ए. हायेक
(C) आर. एच. टॉनी
(D) आई. बर्लिन

32. जिला और सत्र न्यायाधीश किसके सीधे नियन्त्रण में कार्य करता है ?
(A) जिलाधिकारी
(B) राज्य का उच्च न्यायालय
(C) राज्य का विधि मंत्री
(D) राज्य का राज्यपाल

28. For the administration of law and order in the district, who exercises general control over the district police ?
(A) The District Collector/Magistrate
(B) The Superintendent of Police
(C) The Member of Parliament from the District
(D) None of the above

29. Presidential system of Government is based on
(A) Concentration of power in one person
(B) Power to many persons
(C) Separation of powers between the three organs of Government
(D) Dividing power between Centre and the States

30. "This constitution may be called the Constitution of India", is stated in which of the following Article of the Constitution of India.
(A) Article – 01
(B) Article – 03
(C) Article – 393
(D) Article – 395

31. Liberty and equality are complementary to each other. Who amongst the following held this view ?
(A) De Tocqueville
(B) F. A. Hayek
(C) R. H. Tawney
(D) I. Berlin

32. The District and sessions judge works directly under the control of
(A) District Collector
(B) High Court of the State
(C) Law Minister of the State
(D) Governor of the State

33. निम्नलिखित में से कौन आधुनिक व्यक्तिवाद का प्रवक्ता है ?

(A) लास्की

(B) लीकॉक

(C) हॉब्स

(D) ग्राहम वालास

34. किसने कहा, "यूनान ने एकता-विहीन लोकतन्त्र विकसित किया, रोम ने लोकतन्त्र-विहीन एकता कायम किया" ?

(A) गार्नर (B) विलोबी

(C) अरस्तू (D) गेटेल

35. किसने कहा कि आधुनिक सभ्यता 'चार दिन की चाँदनी' है ?

(A) विवेकानन्द (B) टैगोर

(C) गाँधी (D) अरविन्द

36. संयुक्त राष्ट्र चार्टर मुख्यत:

(A) पूर्णत: व्यक्तिगत मानव अधिकारों से संबंधित है

(B) राज्यों के बीच संबंध से संबद्ध है

(C) शान्ति, न्याय, स्वतंत्रता और आर्थिक तथा सामाजिक अधिकारों जैसे व्यापक विषयों के लिए है

(D) बड़ी, मध्यम और छोटी शक्तियों के अधिकार और कर्त्तव्यों के लिए है

37. जय प्रकाश नारायण किस अवधारणा के प्रतिपादक थे ?

(A) सांस्कृतिक क्रान्ति

(B) सम्पूर्ण क्रान्ति

(C) चतुस्तम्भी राज्य

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

33. Who of the following is considered an exponent of modern individualism ?

(A) Laski

(B) Leacock

(C) Hobbes

(D) Graham Wallas

34. Who said, "Greece had developed democracy without unity, Rome secured unity without democracy" ?

(A) Garner (B) Willoughby

(C) Aristotle (D) Gettell

35. Who said that modern civilization is a 'Nine days wonder' ?

(A) Vivekananda (B) Tagore

(C) Gandhi (D) Aurobindo

36. The United Nations Charter is mainly

(A) Largely concerned with individual human rights

(B) Wholly concerned with the relationship between States

(C) Devoted to a wide range of subjects including peace, justice, freedom and economic and social rights

(D) Devoted to duties and rights of great, medium and small powers

37. Jai Prakash Narayan preaches the concept of

(A) Cultural Revolution

(B) Total Revolution

(C) Chatustambhi Rajya

(D) None of the above

38. निम्नलिखित में से कौन-सा एक संसदीय शासन का लक्षण नहीं है ?

(A) दोहरी कार्यपालिका

(B) प्रधानमंत्री का नेतृत्व

(C) सामूहिक उत्तरदायित्व

(D) विधायिका एवं कार्यपालिका में पूर्ण-पृथक्करण

39. निम्न में से कौन-सा भारत सरकार में सहायक अभिकरण का उदाहरण है ?

(A) नीति आयोग

(B) प्रधानमंत्री कार्यालय

(C) केन्द्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग

(D) मन्त्रिमण्डल सचिवालय

40. 'अब तक के समाजों का इतिहास वर्ग संघर्ष का इतिहास है'। यह पंक्तियाँ किस पुस्तक से हैं ?

(A) दास कैपिटल

(B) कम्यूनिस्ट मेनिफेस्टो

(C) स्टेट एण्ड रिवोल्यूशन

(D) पावर्टी ऑफ फिलोसोफी

41. न्यायिक पुनर्वलोकन की अवधारणा की उत्पत्ति किस देश से हुई ?

(A) संयुक्त राष्ट्र अमरीका

(B) कनाडा

(C) ब्रिटेन

(D) फ्राँस

38. Which one of the following is not the characteristic of the parliamentary government ?

(A) Dual executive

(B) Leadership of the Prime Minister

(C) Collective responsibility

(D) Complete separation of the executive from the legislature

39. Which of the following is an example of auxiliary agency in the Government of India ?

(A) NITI Aayog

(B) Prime Ministers Office

(C) Central Public Works Department

(D) Cabinet Secretariat

40. 'The history of all hitherto existing societies is the history of class struggle'. These lines appear in the book

(A) Das Capital

(B) Communist Manifesto

(C) State and Revolution

(D) Poverty of Philosophy

41. The doctrine of Judicial Review originated in which country ?

(A) United States of America

(B) Canada

(C) Britain

(D) France

42. एक कठोर संविधान वह है

(A) जिसे संशोधित न किया जा सके

(B) जिसे आंशिक रूप से संशोधित किया जा सके

(C) जिसे सामान्य विधि-निर्माण-प्रक्रिया की विधि से भिन्न विधि से संशोधित किया जा सके

(D) इनमें से कोई नहीं

43. 'कानून समस्त वासनाओं से रहित विवेक है' (यह ईश्वर तथा विवेक की विशुद्ध वाणी है)। यह परिभाषा किसने दी है ?

(A) अरस्तू

(B) सेंट तामस एक्विनास

(C) मान्टेस्क्यू

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन कीजिए।

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. यूटोपियन समाजवाद | i. कार्ल मार्क्स |
| b. फेबियन समाजवाद | ii. जी. डी. एच. कोल |
| c. वैज्ञानिक समाजवाद | iii. सिडनी वेब |
| d. श्रेणी समाजवाद | iv. सेण्ट साइमन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | iii | i | ii |

42. A rigid constitution is that

(A) Which cannot be amended

(B) Which can be partly amended

(C) Which can be amended by a method which is different from the method of ordinary law-making-process

(D) None of these

43. Law (as the pure voice of God and reason) may thus be defined as 'Reason free from all passion'. Who gave this definition ?

(A) Aristotle

(B) St. Thomas Aquinas

(C) Montesquieu

(D) None of the above

44. Match List-I with List-II and select the correct answer :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Utopian socialism | i. Karl Marx |
| b. Fabian socialism | ii. G. D. H. Cole |
| c. Scientific socialism | iii. Sydney Webb |
| d. Guild socialism | iv. Saint Simon |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | iii | i | ii |

45. 'भारत के गवर्नर जनरल' के पद की व्यवस्था का प्राविधान सर्वप्रथम ________ द्वारा किया गया।

(A) रेग्यूलेटिंग एक्ट, 1773
(B) चार्टर एक्ट, 1833
(C) चार्टर एक्ट, 1853
(D) 1858 के एक्ट

46. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. एफ.एम.सी.टी. | i. जलवायु परिवर्तन |
| b. मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल | ii. विश्व व्यापार |
| c. ट्रिप्स | iii. व्यापक विनाश के हथियारों का अप्रसार |
| d. डब्ल्यू.एस.एफ. | iv. वैश्विक सामाजिक आन्दोलन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | ii | iii | i | iv |

47. निम्नांकित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(A) मोतीलाल नेहरू – नेहरू रिपोर्ट
(B) एम. ए. जिन्ना – खिलाफत आन्दोलन
(C) एम. के. गाँधी – चम्पारन आन्दोलन
(D) सुभाषचन्द्र बोस – फारवर्ड ब्लॉक

45. The office of the 'Governor General of India' was for the first-time provided by

(A) Regulating Act, 1773
(B) Charter Act, 1833
(C) Charter Act, 1853
(D) Act of 1858

46. Match List–I with List–II and select the correct answer from the codes given below :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. FMCT | i. Climate change |
| b. Montreal protocol | ii. World Trade |
| c. TRIPS | iii. Non-proliferation of weapons of mass destruction |
| d. WSF | iv. Global social movements |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | ii | iv |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | ii | iii | i | iv |

47. Which one of the following pair is not properly matched ?

(A) Motilal Nehru – Nehru Report
(B) M. A. Jinnah – Khilafat Movement
(C) M. K. Gandhi – Champaran Movement
(D) Subhash Chandra Bose – Forward Block

48. 'लोक निगम' प्रकार का प्रशासन क्या प्राप्त करने की चेष्टा करता है ?
(A) कारोबारी दक्षता
(B) नौकरशाही की लोकतान्त्रिक वैधता
(C) प्रशासन में लोगों की सहभागिता
(D) सार्वजनिक जवाबदेयता का कारोबारी दक्षता के साथ मिश्रण

49. ऑस्टिन ने अपनी किस पुस्तक में सम्प्रभुता के सिद्धान्त की व्याख्या की है ?
(A) पॉलीटिक्स
(B) सिविल गवर्नमेण्ट
(C) सोशल कॉन्ट्रैक्ट
(D) लेक्चर्स ऑन ज्यूरिसप्रूडेन्स

50. 'शान्ति के लिये एकता प्रस्ताव' से स.रा. संघ के किस अभिकरण की शक्ति में वृद्धि हुई ?
(A) महासभा
(B) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय
(C) सुरक्षा परिषद
(D) न्यास परिषद

51. दबाव समूह निम्न में से कौन-सा तरीका नहीं अपनाते हैं ?
(A) संगोष्ठी
(B) प्रचार
(C) लॉबींग
(D) चुनाव लड़ना

52. अल्पविकास को समझाने के लिए 'डिपेंडेंसी थ्योरी' का विचार किसने प्रस्तुत किया ?
(A) वि. आई. लेनिन
(B) गुंडर फ्रांक
(C) समीर अमीन
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*

48. 'Public Corporation' type of administration seeks to achieve
(A) Business efficiency
(B) Democratic legitimacy of the bureaucracy
(C) People's participation in administration
(D) Mixing of public accountability with business efficiency

49. In which book did Austin explain his theory of sovereignty ?
(A) Politics
(B) Civil Government
(C) Social Contract
(D) Lectures on Jurisprudence

50. 'Uniting for Peace Resolution' has enhanced the power of which organ of the United Nations Organisation ?
(A) General Assembly
(B) International Court of Justice
(C) Security Council
(D) Trusteeship Council

51. Which of the following methods the pressure groups do not adopt ?
(A) Seminar
(B) Propaganda
(C) Lobbying
(D) Contesting elections

52. Who advanced the 'Dependency Theory' to explain under development ?
(A) V. I. Lenin
(B) Gundar Frank
(C) Samir Amin
(D) None of the above

53. "प्राकृतिक अवस्था शांति, सद्भावना, पारस्परिक सहयोग तथा सुरक्षा की अवस्था है।" यह कथन किसका है ?

(A) हॉब्स का

(B) रूसो का

(C) लॉक का

(D) टी. एच. ग्रीन का

54. छावनी बोर्ड के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

(A) इसे एक कार्यपालिका प्रस्ताव द्वारा निर्मित किया गया

(B) यह केन्द्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है

(C) इसकी स्थापना छावनी क्षेत्र की नागरिक जनसंख्या के नगरीय प्रशासन के लिए की गई

(D) यह एक वैधानिक संस्था है

55. निम्नलिखित में से कौन सम्प्रभुता के बहुलवादी सिद्धान्त का समर्थक नहीं है ?

(A) लिण्डसे

(B) मैटलैण्ड

(C) बोदां

(D) ओटो गीअर्के

56. निम्नलिखित में से कौन-सा विधेयक भारतीय संसद के दोनों सदनों के विशेष बहुमत द्वारा अलग-अलग पारित किया जाना चाहिए ?

(A) संविधान संशोधन विधेयक

(B) सामान्य विधेयक

(C) धन विधेयक

(D) वित्त विधेयक

53. "The state of nature is a state of peace, goodwill, mutual assistance and preservation." Who said this ?

(A) Hobbes

(B) Rousseau

(C) Locke

(D) T. H. Green

54. Which of the following is not correct about a Cantonment Board ?

(A) It is created by an executive resolution

(B) It works under the administrative control of the Union Defence Ministry

(C) It is established for municipal administration for civilian population in the cantonment area

(D) It is a statutory body

55. Who among the following is not a supporter of pluralist theory of sovereignty ?

(A) Lindsay

(B) Maitland

(C) Bodin

(D) Otto Gierke

56. Which one of the following bills must be passed by each house of the Indian Parliament separately by special majority ?

(A) Constitution Amendment Bill

(B) Ordinary Bill

(C) Money Bill

(D) Finance Bill

57. निम्नलिखित में से कौन-सा देश BIMSTEC का सदस्य नहीं है ?
(A) बांग्लादेश
(B) भारत
(C) थाईलैण्ड
(D) स्पेन

57. Which one of the following country is not a member of BIMSTEC ?
(A) Bangladesh
(B) India
(C) Thailand
(D) Spain

58. यू.पी.एस.सी. के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल होता है
(A) तीन वर्ष
(B) चार वर्ष
(C) पाँच वर्ष
(D) छः वर्ष

58. The Chairman and members of the U.P.S.C. hold office for a term of
(A) Three years
(B) Four years
(C) Five years
(D) Six years

59. निम्नलिखित में से किसने समाजवाद के अन्तर्गत सांस्कृतिक क्रान्ति का विचार प्रतिपादित किया ?
(A) कार्ल मार्क्स
(B) माओ-त्से-तुंग
(C) वी. आई. लेनिन
(D) जे. स्टालिन

59. Who among the following propagated the idea of cultural revolution under socialism ?
(A) Karl Marx
(B) Mao-Tse-Tung
(C) V. I. Lenin
(D) J. Stalin

60. 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के समय अमेरिका का राष्ट्रपति कौन था ?
(A) रिचर्ड निक्सन
(B) जे.एफ. केनेडी
(C) ट्रूमैन
(D) आइजनहावर

60. Who was the President of US during the Cuban Missile crisis of 1962 ?
(A) Richard Nixon
(B) J. F. Kennedy
(C) Truman
(D) Eisenhower

61. हॉब्स के अनुसार प्राकृतिक अवस्था
(A) सिर्फ पूर्व राजनैतिक है
(B) सिर्फ पूर्व सामाजिक है
(C) पूर्व राजनैतिक और पूर्व सामाजिक दोनों है
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

61. According to Hobbes, the state of nature is
(A) Pre political only
(B) Pre social only
(C) Both pre political and pre social
(D) None of the above

62. 'हेयर प्रणाली' का तात्पर्य है
(A) एकल संक्रमणीय मत प्रणाली
(B) सूची प्रणाली
(C) संचयी प्रणाली
(D) सामान्य बहुमत प्रणाली

62. 'Hare System' refers to
(A) Single transferable vote system
(B) List system
(C) Cumulative system
(D) Simple majority system

63. 'शक्ति अभिजन' का सिद्धान्त किसने दिया ?

(A) राबर्ट मिशेल

(B) सी. राइट मिल्स

(C) शुम्पीटर

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. किसका मत है कि आंतरिक संगठन, स्वायत्तता, कार्यों या कार्य पद्धतियों, किसी भी दृष्टि से लोक-निगम विभागों अथवा ब्यूरो से भिन्न नहीं होते ?

(A) रॉल्फ एशेटन

(B) एल. डी. ह्वाइट

(C) हरबर्ट मॉरिशन

(D) गोरवाला

65. विधायी कार्य करने के लिये भारत की संसद की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करता है

(A) भारत का राष्ट्रपति

(B) संसद का वरिष्ठतम सदस्य

(C) राज्यसभा का सभापति

(D) लोकसभा का अध्यक्ष

66. बहुलवादी महत्व देते हैं

(A) राज्य को

(B) समूहों और संगठनों को

(C) सरकार को

(D) न्यायपालिका को

67. 'नगर-राज्य' का सम्बन्ध माना जाता है

(A) प्राचीन मिश्र से

(B) प्राचीन भारत से

(C) प्राचीन यूनान से

(D) प्राचीन चीन से

63. Who gave the theory of 'Power Elite' ?

(A) Robert Michel

(B) C. Wright Mills

(C) Schumpeter

(D) None of the above

64. Who is of the opinion that neither in respect of internal organisation, nor autonomy, nor functions and procedure, is the public corporation essentially different from the department or the bureau ?

(A) Ralf Assheton

(B) L. D. White

(C) Herbert Morrison

(D) Gorwala

65. The joint setting of Indian Parliament for transacting a legislative business is presided over by

(A) The President of India

(B) The senior most member of Parliament

(C) The Chairman of the Rajya Sabha

(D) The Speaker of the Lok Sabha

66. Pluralists give importance to

(A) State

(B) Groups and associations

(C) Government

(D) Judiciary

67. The term 'City-State' is generally associated with

(A) Ancient Egypt

(B) Ancient India

(C) Ancient Greece

(D) Ancient China

68. मार्क्स ने नौकरशाही की प्रशंसा निम्न में से किस विशेषता के लिए की ?

(A) तार्किकता

(B) गोपनीयता

(C) लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना में सहायक

(D) राष्ट्रों में केन्द्रीकरण की प्रवृत्ति की बढ़ोत्तरी में भूमिका

68. The only thing for which Marx praised bureaucracy

(A) Rationality

(B) Secrecy

(C) Helps in the establishment of welfare state

(D) Role in the development of centralizing tendency in nations

69. निम्नलिखित में से क्या प्रशासन पर विधायी नियंत्रण का साधन नहीं है ?

(A) प्रदत्त विधायन

(B) स्थगन प्रस्ताव

(C) प्रश्न काल

(D) शून्य काल

69. Which of the following is not a tool of legislative control over administration ?

(A) Delegated legislation

(B) Adjournment motion

(C) Question hour

(D) Zero hour

70. "भारतीय संविधान सहायक एकात्मक विशेषताओं सहित एक संघीय राज्य की स्थापना के स्थान पर सहायक संघीय विशेषताओं सहित एक एकात्मक राज्य की स्थापना करता है", किसने कहा था ?

(A) के. सी. व्हीयर

(B) सर आइवर जेनिंग्स

(C) के. एम. पण्णिकर

(D) बी. आर. अम्बेडकर

70. Who said, "Indian Constitution establishes a unitary state with subsidiary federal features rather than federal state with subsidiary unitary features" ?

(A) K. C. Wheare

(B) Sir Ivor Jennings

(C) K. M. Pannikar

(D) B. R. Ambedkar

71. निम्नलिखित में से कौन राजनीति विज्ञान को विज्ञान नहीं मानता ?

(A) अरस्तू

(B) जेलिनेक

(C) लॉर्ड ब्राइस

(D) एफ. डब्ल्यू. मेटलैण्ड

71. Who amongst the following do not consider Political Science as a science ?

(A) Aristotle

(B) Jellinek

(C) Lord Bryce

(D) F. W. Maitland

72. निम्नलिखित में से कौन एक आदर्शवादी विचारक नहीं है ?

(A) हेगेल (B) ग्रीन
(C) बोसांके (D) बेन्थम

73. निम्न में से किस का संबंध शीत युद्ध से नहीं है ?

(A) फल्टन भाषण
(B) ट्रूमैन सिद्धान्त
(C) मार्शल योजना
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. स.रा. अमरीका और भूतपूर्व सोवियत संघ के संदर्भ में 'देतांत' (डेटेंट) का तात्पर्य है

(A) परस्पर शत्रुता
(B) दोनों के मध्य तनाव में शिथिलता
(C) परस्पर अविश्वास
(D) प्रतिस्पर्धा

75. राम मनोहर लोहिया किसके समर्थक थे ?

(A) विकेन्द्रीकृत समाजवाद
(B) साम्यवाद
(C) गाइल्ड समाजवाद (श्रेणी समाजवाद)
(D) फेबियन समाजवाद

76. निम्न में से किस प्रशासकीय अभिकरण के पास कार्य सम्पादन का एकाधिकार है ?

(A) सूत्र अभिकरण
(B) स्टाफ अभिकरण
(C) सहायक अभिकरण
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. Who among the following is not an idealist thinker ?

(A) Hegel (B) Green
(C) Bosanquet (D) Bentham

73. Which of the following is not related to Cold War ?

(A) Fulton speech
(B) Truman doctrine
(C) Marshall plan
(D) None of the above

74. 'Detente' between USA and former USSR implies

(A) Enmity between them
(B) De-escalation of tension between the two
(C) Mutual distrust
(D) Competition

75. Ram Manohar Lohia was a supporter of

(A) Decentralised socialism
(B) Communism
(C) Guild socialism
(D) Fabian socialism

76. Which of the following administration agency has the monopoly of execution ?

(A) Line Agency
(B) Staff Agency
(C) Auxiliary Agency
(D) None of the above

77. न्यायिक पुनरावलोकन की शक्ति प्राप्त है

(A) संसद को

(B) उच्च न्यायालयों को

(C) सर्वोच्च न्यायालय को

(D) सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालयों दोनों को

78. 'कानून सामाजिक आचरण का नियमन करने वाले नियमों का समूह है', यह परिभाषा किसने दी है ?

(A) हॉब्स (B) हालैण्ड

(C) डिग्वी (D) आस्टिन

79. "राजनीति विज्ञान हमें बतलाता है कि पिछले समय में 'राज्य' का क्या-क्या रूप रहा है, इस समय उसका क्या स्वरूप है, और इसका आदर्श स्वरूप क्या होना चाहिये ।" यह कथन किसका है ?

(A) गेटेल (B) मैकआइवर

(C) सर अरनेस्ट बेन (D) सिडविक

80. भारत के संविधान के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा एक मूल कर्तव्य नहीं है ?

(A) लोक निर्वाचन में मतदान करना

(B) वैज्ञानिक मनोभाव का विकास करना

(C) सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा करना

(D) संविधान से आबद्ध रहना और इसके आदर्शों का सम्मान करना

81. स्वतन्त्रता और समानता एक दूसरे के विरोधी हैं । यह मत किसका था ?

(A) लॉर्ड एक्टन का

(B) टी. एच. ग्रीन का

(C) एच. जे. लास्की

(D) ई. बार्कर

77. The power of Judicial Review is with

(A) Parliament

(B) High Courts

(C) Supreme Court

(D) Both Supreme Court and High Courts

78. 'Laws are the body of rules for the regulation of social conduct.' Who gave this definition ?

(A) Hobbes (B) Holland

(C) Duigvit (D) Austin

79. "Political Science is a historical investigation of what the State has been, an analytical study of what the State is, and a politics-ethical discussion of what the State should be." Who said this ?

(A) Gettell (B) MacIver

(C) Sir Ernest Benn (D) Sidgwick

80. Under the Constitution of India, which one of the following is not a fundamental duty ?

(A) To vote in public elections

(B) To develop the scientific temper

(C) To safeguard public property

(D) To abide by the Constitution and respect its ideals

81. Liberty and equality are antithetical to each other. This view was held by

(A) Lord Acton

(B) T. H. Green

(C) H. J. Laski

(D) E. Barker

82. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक हेन्री फेयोल की रचना नहीं है ?

(A) जनरल एण्ड इनडॅस्ट्रियल मेनेजमेण्ट

(B) दि थ्योरी ऑफ अॅड्मिनिस्ट्रेशन ऑफ दि स्टेट्

(C) दि थ्योरी ऑफ सोशल एण्ड ईकनॉमिक ऑर्ग़ॅनाइजेशन

(D) जनरल प्रिन्सिपल्स ऑफ अॅड्मिनिस्ट्रेशन

83. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है ?

(A) कार्ल मार्क्स : द पावर्टी ऑफ फिलॉसफी

(B) वी. आई. लेनिन : स्टेट एण्ड रिवोल्यूशन

(C) जोसफ स्टालिन : वेज, लेबर एण्ड कैपिटल

(D) फ्रेडरिक एंजिल्स : ऑरिजिन ऑफ फैमीली, प्राइवेट प्रॉपर्टी एण्ड द स्टेट

84. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय हित को विश्व राजनीति का अन्तिम और निर्णायक तत्व मानता है ?

(A) मॉरगेन्थाऊ

(B) वी. वी. डाईक

(C) जोसेफ फ्रैंकल

(D) पॉल सीबरी

85. भारत के सर्वोच्च विधि अधिकारी निम्न में से किसे माना जाता है ?

(A) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(B) मंत्रि, विधि एवं न्याय

(C) भारत का महान्यायवादी

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. Which of the following book(s) is not the creation of Henry Fayol ?

(A) General and Industrial Management

(B) The theory of administration of the State

(C) The theory of social and economic organization

(D) General principles of administration

83. Which of the following pair is not correctly matched ?

(A) Karl Marx : The Poverty of Philosophy

(B) V. I. Lenin : State and Revolution

(C) Josef Stalin : Wage, Labour and Capital

(D) Friedrich Engels : Origin of family, Private property and the State

84. Who among the following considers National Interest as the final and decisive element of world polities ?

(A) Morgenthau

(B) V. V. Dyke

(C) Joseph Frankel

(D) Paul Seabury

85. Who is the highest law officer of the Govt. of India ?

(A) Chief Justice of India

(B) Minister for Law and Justice

(C) The Attorney General of India

(D) None of the above

86. निम्नलिखित में से कौन गाँधी-दर्शन से सम्बन्धित है ?

1. न्यासिता
2. नई तालीम
3. हिजरत
4. सर्वोदय

(A) 1, 2 और 4
(B) 1, 2 और 3
(C) 1 और 4
(D) 1, 2, 3 और 4

87. भारत के निर्वाचन आयोग का प्रावधान किस अनुच्छेद में है ?

(A) अनु. 324
(B) अनु. 325
(C) अनु. 322
(D) अनु. 323

88. निम्न में से किस लेख का अर्थ होता है "हम हुक्म देते हैं" ?

(A) बन्दी प्रत्यक्षीकरण
(B) परमादेश
(C) अधिकार पृच्छा
(D) उत्प्रेषण

89. "लैसेज फेयर" (अबंध नीति) का सिद्धान्त किससे प्रभावित था ?

(A) स्वतन्त्रता के सकारात्मक विचार से
(B) स्वतन्त्रता के नकारात्मक विचार से
(C) उपर्युक्त दोनों (A) और (B)
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

90. भारत ने एक अमेरिकी विशेषज्ञ फ्रेंक क्रॉज को किस वर्ष यह जाँचने के लिए आमंत्रित किया कि निष्पादक बजट भारत में अपनाया जा सकता है या नहीं ?

(A) 1962
(B) 1966
(C) 1964
(D) 1968

86. Which of the following can be associated with Gandhi's philosophy ?

1. Trusteeship
2. Nai Talim
3. Hijrat
4. Sarvodaya

(A) 1, 2 and 4
(B) 1, 2 and 3
(C) 1 and 4
(D) 1, 2, 3 and 4

87. The provision for Election Commission of India has been made under Article

(A) 324
(B) 325
(C) 322
(D) 323

88. Which one of the following writs literally means "we command" ?

(A) Habeas corpus
(B) Mandamus
(C) Quo warranto
(D) Certiorari

89. The doctrine of 'Laissez Faire' was influenced by

(A) Positive concept of liberty
(B) Negative concept of liberty
(C) Both the above (A) and (B)
(D) None of the above

90. In which year India invited an American expert, Frank Krause to examine whether performance budgeting can be implemented in India or not ?

(A) 1962
(B) 1966
(C) 1964
(D) 1968

91. निम्नलिखित में से कौन निश्चित भू-भाग को राज्य का एक आवश्यक तत्व नहीं मानता ?

(A) गेटेल (B) गिलक्राइस्ट

(C) जॉन सीले (D) गार्नर

92. किस वर्ष भारत और पाकिस्तान शंघाई सहयोग संगठन के पूर्ण सदस्य बने ?

(A) 2015 में (B) 2019 में

(C) 2018 में (D) 2017 में

93. निम्न में से कौन-सा जोड़ा गलत है ?

(A) लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान – मसूरी

(B) एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज – हैदराबाद

(C) रेलवे स्टाफ कॉलेज – अहमदाबाद

(D) सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबन्ध संस्थान – नई दिल्ली

94. मौलिक अधिकारों के कार्यवाहन को निलम्बित करने का अधिकार किसको है ?

(A) संसद

(B) सर्वोच्च न्यायालय

(C) राष्ट्रपति

(D) प्रधानमंत्री

95. अभिप्रेरणा के द्विघटक विचारधारा की वकालत किसने की ?

(A) मैस्लो

(B) डगलस मैक्ग्रेगर

(C) हर्जबर्ग

(D) लिकर्ट

91. Who amongst the following did not regard fixed territory as an essential aspect of the state ?

(A) Gettell (B) Gilchrist

(C) John Seeley (D) Garner

92. In which year did India and Pakistan become full members of Shanghai Cooperation Organization ?

(A) 2015 (B) 2019

(C) 2018 (D) 2017

93. Which of the following pair is wrongly matched ?

(A) Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration – Mussoorie

(B) Administrative Staff College – Hyderabad

(C) Railway Staff College – Ahmedabad

(D) The Institute of Secretariat Training and Management – New Delhi

94. Who is empowered to suspend the operation of Fundamental Rights ?

(A) Parliament

(B) Supreme Court

(C) President

(D) Prime Minister

95. Who advocated the two factor theory of motivation ?

(A) Maslow

(B) Douglas Mcgregor

(C) Herzberg

(D) Likert

96. निम्नलिखित विचारकों को उनसे सम्बद्ध विचार-परम्पराओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| a. एडमण्ड बर्क | i. समुदायवाद |
| b. रॉबर्ट नॉजिक | ii. इच्छा-स्वतन्त्रवाद |
| c. जेरेमी बेन्थम | iii. रूढ़िवाद |
| d. अलसदैर मैकिन्टायर | iv. उपयोगितावाद |

सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

97. काप्लान के अनुसार शक्ति-संतुलन व्यवस्था की सर्वाधिक संभावित परिणति होगी
(A) अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था
(B) एकध्रुवीय व्यवस्था
(C) द्विध्रुवीय व्यवस्था
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. "रिपब्लिक राजनीति पर लिखा गया ग्रन्थ होने के बजाय शिक्षा शास्त्र पर लिखा गया समस्त युगों का सर्वोत्तम ग्रंथ है।" यह टिप्पणी किसने की थी ?
(A) अरस्तू (B) बोदां
(C) ग्रीन (D) रूसो

99. जब वार्षिक केन्द्रीय बजट लोकसभा के द्वारा पारित नहीं होता है तो
(A) बजट में संशोधन किया जाता है और पुन: प्रस्तुत किया जाता है
(B) बजट को राज्यसभा के सुझाव के लिए सन्दर्भित किया जाता है
(C) केन्द्रीय वित्तमंत्री को त्यागपत्र देने के लिए कहा जाता है
(D) प्रधानमंत्री अपनी मंत्रिपरिषद का त्यागपत्र प्रस्तुत करता है

96. Match the following scholars with the tradition of thought they are primarily associated with :

| | |
|---|---|
| a. Edmund Burke | i. Communitarianism |
| b. Robert Nozick | ii. Libertarianism |
| c. Jeremy Bentham | iii. Conservatism |
| d. Alasdair MacIntyre | iv. Utilitarianism |

Select the correct answer :

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iii | ii | iv | i |

97. According to Kaplan, the most likely transformation of the balance of power system is into a
(A) International system
(B) Unipolar system
(C) Bipolar system
(D) None of the above

98. "Republic is not so much a treatise on politics, it is a finest treatise on education that has ever been written." Who commented this ?
(A) Aristotle (B) Bodin
(C) Green (D) Rousseau

99. When the annual Union Budget is not passed by the Lok Sabha
(A) The budget is modified and presented again
(B) The budget is referred to the Rajya Sabha for suggestions
(C) The Union Finance Minister is asked to resign
(D) The Prime Minister submits the resignation of Council of Ministers

100. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा उत्तम शासन का सार है ?
(A) विधि का शासन और नियमित चुनाव
(B) नियमित चुनाव और नौकरशाही की कमी
(C) विधि का शासन और वैश्वीकरण
(D) पारदर्शी और जवाबदेय प्रशासन

101. निम्नलिखित में से कौन भाषा को राष्ट्रवाद के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक मानता है ?
(A) मैजिनी
(B) फिक्टे
(C) रैमजे म्यूर
(D) उपर्युक्त सभी

102. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
(A) सत्य की सम्प्रभुता – एम. के. गाँधी
(B) नवमानववाद – अरविन्द घोष
(C) सर्वहारा की तानाशाही – वी.आई. लेनिन
(D) नवप्रजातन्त्र – माओ-त्से-तुंग

103. किस देश की संसद को 'संसदों की जननी' कहा जाता है ?
(A) ब्रिटेन
(B) संयुक्त राष्ट्र अमरीका
(C) कनाडा
(D) भारत

104. नेतृत्व के गुणमूलक दृष्टिकोण के प्रणेता है
(A) आर. एम. स्टॉगडिल
(B) चेस्टर बर्नार्ड
(C) कूण्ट्ज तथा ओ'डोनेल
(D) फिडलर

100. Which of the following pair constitutes the essence of good governance ?
(A) Rule of law and regular elections
(B) Regular elections and down sizing the bureaucracy
(C) Rule of law and globalization
(D) Transparent and accountable administration

101. Who among the following regard language as the most important factor in the growth of nationalism ?
(A) Mazzini
(B) Fichte
(C) Ramsay Muir
(D) All of these

102. Which one of the following pair is not correctly matched ?
(A) Sovereignty of truth – M. K. Gandhi
(B) New Humanism – Aurobindo Ghosh
(C) Dictatorship of the proletariat – V. I. Lenin
(D) New Democracy – Mao-Tse-Tung

103. Parliament of which country is called the 'Mother of Parliaments' ?
(A) Britain
(B) USA
(C) Canada
(D) India

104. Who propounded the trait approach of leadership ?
(A) R. M. Stogdill
(B) Chester Bernard
(C) Koontz and O'Donnell
(D) Fiedler

105. किसने कहा, "राजनीति को विज्ञान मानना तो बहुत दूर रहा, यह कलाओं में भी सबसे पिछड़ी हुई कला है" ?

(A) मैटलैण्ड
(B) बक्कल
(C) लीकॉक
(D) गेटेल

106. भारत के संविधान में समानता का अधिकार पाँच अनुच्छेदों द्वारा प्रदान किया गया है । वे हैं

(A) अनुच्छेद 16 से 20
(B) अनुच्छेद 14 से 18
(C) अनुच्छेद 15 से 19
(D) अनुच्छेद 13 से 17

107. सूची–I को सूची–II के साथ सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए कूट से सही उत्तर दीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. वैश्विक सदस्यता एवं सामान्य उद्देश्य | i. यूरोपियन यूनियन |
| b. क्षेत्रीय सदस्यता एवं सामान्य उद्देश्य | ii. यू.एन.ओ. |
| c. क्षेत्रीय सदस्यता एवं सीमित उद्देश्य | iii. आई.एल.ओ. |
| d. वैश्विक सदस्यता एवं सीमित उद्देश्य | iv. एन.ए.टी.ओ. |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | i | ii | iv | iii |

105. Who said, "Politics so far from being a science, is one of the most backward of all the arts" ?

(A) Maitland
(B) Buckle
(C) Leacock
(D) Gettell

106. In the Indian Constitution, the Right to Equality is granted by five Articles. They are

(A) Article 16 to 20
(B) Article 14 to 18
(C) Article 15 to 19
(D) Article 13 to 17

107. Match List–I with List–II and select the correct answer from the codes given below :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Global membership and general purpose | i. European Union |
| b. Regional membership and general purpose | ii. U.N.O. |
| c. Regional membership and limited purpose | iii. I.L.O. |
| d. Global membership and limited purpose | iv. N.A.T.O. |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | iv | ii | i |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | i | ii | iv | iii |

108. संयुक्त राष्ट्र के किस महासचिव ने 1992 में अपनी रिपोर्ट 'एन एजेंडा फॉर पीस' सुरक्षा परिषद् को सौंपी ?

(A) कोफी अन्नान

(B) बुतरस बुतरस-घाली

(C) कुर्त वाल्दीम

(D) यु. थाण्ट

108. Which General Secretary of UN submitted his report 'An Agenda for Peace' to the Security Council in the year 1992 ?

(A) Kofi Annan

(B) Boutros Boutros-Ghali

(C) Kurt Waldheim

(D) U. Thant

109. निम्नलिखित में से किसे अन्तर्राष्ट्रीय कानून का जन्मदाता माना जाता है ?

(A) जीन बोदां

(B) ह्यूगो ग्रोशियस

(C) मैकियावेली

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

109. Which one of the following is regarded as father of International Law ?

(A) Jean Bodin

(B) Hugo Grotious

(C) Machiavelli

(D) None of the above

110. "राजनीति विज्ञान समाज विज्ञानों का वह भाग है जिसका सम्बन्ध राज्य के आधार और सरकार के सिद्धान्तों से होता है ।" यह किसका वक्तव्य है ?

(A) विलोबी (B) सीले

(C) पॉल जैनेट (D) गार्नर

110. "Politics is that part of social science which treats the foundations of State and the principles of Government." Who made this statement ?

(A) Willoughby (B) Seeley

(C) Paul Janet (D) Garner

111. किसके अनुसार, "राज्य जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के निमित्त अस्तित्व में आता है और श्रेष्ठ जीवन के लिए अस्तित्व में बना रहता है" ?

(A) गार्नर (B) कोल

(C) मैकियावेली (D) अरस्तू

111. Who said, "State comes into existence originating in the bare needs of life and continuing in existence for the sake of good life" ?

(A) Garner (B) Cole

(C) Machiavelli (D) Aristotle

112. एक राज्यपाल एक अध्यादेश जारी कर सकता है

(A) जब भी वह ऐसा चाहे

(B) जब भी मुख्यमंत्री ऐसा करने की सलाह दे

(C) जब कभी भी राज्य विधान-मण्डल का सत्र जारी न हो और राज्यपाल संतुष्ट हो कि तुरन्त कार्य करने की आवश्यकता है

(D) जब संधीय सरकार ऐसा करने को कहे

113. हूवर आयोग ने निम्न में से किस पर आधारित संगठन के निर्माण की सिफारिश की थी ?

(A) प्रयोजन (B) प्रक्रिया

(C) व्यक्ति (D) स्थान

114. कौन-सा देश सेन्टो (CENTO) का एक सदस्य नहीं था ?

(A) यू.एस.ए. (B) यू.के.

(C) तुर्की (D) पाकिस्तान

115. यदि भारत के राष्ट्रपति को अपना पद त्यागना हो तो उसे पदत्याग का अपना पत्र संबोधित करना चाहिये

(A) प्रधानमंत्री को

(B) उप-राष्ट्रपति को

(C) मुख्य न्यायमूर्ति को

(D) अध्यक्ष को

116. सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था अनुमति नहीं देती

(A) शस्त्रीकरण की

(B) तटस्थता की

(C) (A) और (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

112. A Governor can issue an ordinance

(A) Whenever he likes

(B) Whenever the Chief Minister advises him

(C) When the State Legislature is not in session and the Governor is satisfied that immediate action is needed

(D) When the Union Government asks him to do so

113. On which of the following basis Hoover Commission recommended for the formation of an organization ?

(A) Purpose (B) Process

(C) Person (D) Place

114. Which country was not a member of CENTO ?

(A) USA (B) UK

(C) Turkey (D) Pakistan

115. If the President of India is to resign from office he should address his letter of resignation to

(A) The Prime Minister

(B) The Vice President

(C) The Chief Justice

(D) The Speaker

116. Collective security system does not permit

(A) Armament

(B) Neutrality

(C) Both (A) and (B)

(D) None of these

*

117. किसने कहा था, ''ईश्वर, जिसने हमें जीवन दिया, उसी के साथ हमें स्वतन्त्रता भी दी'' ?

(A) जवाहरलाल नेहरु

(B) एम. के. गाँधी

(C) जेफरसन

(D) एडम स्मिथ

118. एक वित्त विधेयक किसकी सिफारिश के बिना विधानसभा में प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है ?

(A) स्पीकर

(B) राज्यपाल

(C) मुख्यमंत्री

(D) वित्तमंत्री

119. निम्नलिखित में से संयुक्त राष्ट्र का कौन-सा अंग अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं ?

(A) महासभा

(B) सुरक्षा परिषद

(C) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय

(D) सचिवालय

120. भारत का सर्वोच्च न्यायालय मुख्य न्यायमूर्ति और अन्य कितने न्यायाधीशों से मिलकर बनता है ?

(A) 25 (B) 33

(C) 31 (D) 26

121. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत सर्वोच्च न्यायालय को अपने निर्णय तथा आदेश के पुनरीक्षण की शक्ति प्राप्त है ?

(A) अनुच्छेद 135 (B) अनुच्छेद 136

(C) अनुच्छेद 137 (D) अनुच्छेद 138

117. Who said, "The God, who gave us life, gave us liberty at the same time" ?

(A) Jawaharlal Nehru

(B) M. K. Gandhi

(C) Jefferson

(D) Adam Smith

118. No finance bill can be introduced in the Legislative Assembly without the recommendations of the

(A) Speaker

(B) Governor

(C) Chief Minister

(D) Finance Minister

119. Which among the following organ of United Nations is responsible for international peace and security ?

(A) General Assembly

(B) Security Council

(C) International Court

(D) Secretariat

120. Supreme Court of India consists of the Chief Justice of India and how many more other judges ?

(A) 25 (B) 33

(C) 31 (D) 26

121. Under which Article of the Indian Constitution, the Supreme Court has been empowered to review its own judgement and order

(A) Article 135 (B) Article 136

(C) Article 137 (D) Article 138

122. सूची प्रणाली के अन्तर्गत प्रत्येक मतदाता

(A) एक पूरी सूची को अपना मत देता है

(B) विभिन्न सूचियों से उम्मीदवारों का चयन करता है

(C) उम्मीदवारों में से अपनी सूची बना सकता है

(D) जिस सूची को अपना मत देता है उसमें उम्मीदवारों की प्राथमिकता इंगित करता है

123. निम्न में से किसने पंथनिरपेक्षता का आशय, 'सभी धर्मों को राज्य द्वारा समान संरक्षण', बतलाया है ?

(A) महात्मा गाँधी

(B) बी. आर. अम्बेडकर

(C) बी. एन. राऊ

(D) जवाहरलाल नेहरू

124. प्लेटो ने निम्नलिखित पुस्तकों में किसमें मिश्रित संविधान की अवधारणा का उल्लेख किया है ?

(A) द रिपब्लिक (B) द लॉज

(C) स्टेट्समैन (D) पॉलिटिक्स

125. किसने कहा था कि "राज्य के नीति-निदेशक तत्त्व एक ऐसे चेक की तरह हैं जिनका भुगतान बैंक की सुविधा पर निर्भर है" ?

(A) जवाहरलाल नेहरू

(B) बी. एन. राऊ

(C) बी. आर. अम्बेडकर

(D) के. टी. शाह

122. Under the list system each voter

(A) Votes for the list as a whole

(B) Can pick-up candidates from various lists

(C) Can prepare his own list from amongst the candidates

(D) Can indicate preference for candidates in the list for which he votes

123. Who of the following has described the meaning of secularism as, 'equal protection to all religions by the State' ?

(A) Mahatma Gandhi

(B) B. R. Ambedkar

(C) B. N. Rau

(D) Jawaharlal Nehru

124. Plato had given the concept of mixed constitution in which of the following books ?

(A) The Republic (B) The Laws

(C) Statesman (D) Politics

125. Who said, "Directive Principles of State Policy are like a cheque on a bank payable at the convenience of the bank" ?

(A) Jawaharlal Nehru

(B) B. N. Rau

(C) B. R. Ambedkar

(D) K. T. Shah